हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शनिवार 18 अक्टूबर 2025
6
[ खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार ]

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

सीएम कॉन्फ्रेंस के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें : कलेक्टर



## खबर संक्षेप

### पुलिस ने चलाया साइबर जागरूकता अभियान

**रायगढ़।** छाल पुलिस ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटापाली (सी) में साइबर सुरक्षा और सामाजिक जागरूकता पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप निरीक्षक मदन पाटले ने विद्यार्थियों को बदलते डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने समझाया कि किस प्रकार फेक प्रोफाइल, संदिग्ध लिंक, ईनामी कॉल, फर्जी निवेश योजनाएं, लोन ऐप, कॉल मर्ज और प्रोफाइल क्लोनिंग जैसे तरीकों से साइबर अपराधी लोगों को ठग रहे हैं। छात्रों को यूपीआईए ओटीपी और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स का सतर्कता से उपयोग करने की हिदायत दी गई। उप निरीक्षक पाटले ने बच्चों को गुड टच और बैड टच के बारे में जागरूक करते हुए आत्मसम्मान, अनुशासन और शिक्षा के महत्व पर प्रेरक चर्चा की। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सवाल पूछे और साइबर अपराध से बचाव के उपाय सीखे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण, स्कूल स्टाफ और थाना स्टाफ उपस्थित रहे।

### आकाशीय बिजली व मौसम पूर्वानुमान की जानकारी देगी दामिनी एवं मेघदूत एप

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने भारत सरकार के दामिनी एप एवं मेघदूत एप के संबंध में व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सर्व अनुविभागीय अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला सेनानी एवं समस्त तहसीलदारों को दिए है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में आए दिन आकाशीय बिजली घटित होने के कारण अधिक संख्या में जन एवं पशु हानि की सूचना प्राप्त होती है। दामिनी एप के माध्यम से आकाशीय बिजली का पूर्वानुमान में आवश्यक तैयारी, उपाय आदि की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसी तरह मेघदूत एप मुख्य रूप से मौसम पूर्वानुमान तापमान, वर्षा की स्थिति, हवा की गति एवं दिशा इत्यादि से संबंधित है। जिससे किसान अपने क्षेत्र की मौसम से संबंधित पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त कर सकते है। साथ ही आपदा के समय नागरिकों को तत्काल सहायता पहुँचाने हेतु जारी टोल फ्री आपदा सहायता नंबर 1070 के प्रचार प्रसार के भी निर्देश दिए गए हैं।कलेक्टर ने उक्त एप के उपयोग के संबंध में जिला, तहसील तथा ग्रामों में निवासरत पटवारी, सरपंच, सचिव, शासकीय शिक्षक, आशा कार्यकर्ता के माध्यम से वृहद स्तर पर प्रचार प्रसार तथा कोटवार के द्वारा मुनादी करवाकर मोबाइल फोन पर डाउनलोड करवाने एवं उपयोगिता की मुनादी करवाकर जनसामान्य को जागरूक करने हेतु निर्देशित किया है।

### सुनील को मिला बेस्ट यंग लाइब्रेरीयन अवार्ड-2025



**रायगढ़।** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, रायगढ़ के सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष सुनील कुमार गौतम को अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर के केंद्रीय पुस्तकालय, माधव राव सप्रे एवं राजा राम मोहन रॉय लाइब्रेरी फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार में बेस्ट यंग लाइब्रेरीयन अवार्ड से सम्मानित किया गया।उन्होंने इस सम्मान से इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय एवं कृषि महाविद्यालय के साथ साथ राष्ट्रीय स्तर पर रायगढ़ जिले का मान बढ़ाया है। यह सम्मान उन्हें पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार और डिजिटल तकनीक के समावेश के लिए प्रदान किया गया है। राष्ट्रीय सेमिनार के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में पं.सुंदर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो बीके सारस्वत एवं गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालयी पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार शर्मा रहें।

### दीये, रंगोली, मिठाई, कपड़े, ज्वेलर्स व बर्तन की हुई जमकर बिक्री

# धनतेरस से पहले बाजार गुलजार, खरीददारी करने के लिए शहर में उमड़ी लोगों की भीड़





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धनतेरस से पहले शुक्रवार को शहर का बाजार गुलजार रहा। खरीददारी करने के लिए चारों दिशाओं में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दिन दीये, रंगोली, मिठाई, बर्तन, कपड़े व ज्वेलर्स की जमकर बिक्री हुई। जिससे व्यापारियों के चेहरे खिले नजर आए। दरअसल दीपावली का पर्व नजदीक आते ही शहर में चारों ओर रौनक देखने को मिल रही है। लोगों की भीड़ ने त्यौहार के माहौल को पूरी तरह से उत्साहपूर्वक बना दिया है। हर कोई अपने घर को सजाने और परिवार के साथ खरीदारी करने में व्यस्त है। हर साल की तरह इस साल भी शहर के चक्रधर नगर, नटवर स्कूल परिसर, मिनी स्टेडियम और अन्य जगहों पर बाजार सज गए हैं। जहां मिट्टी के दीये, रंगोली, कमल फूल, विद्युत झालरें, आकर्षित लाइटें और पटाखे खरीदने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ रही है। धनतेरस के अवसर पर सुबह से ही बाजारों में जबरदस्त चहलपहल रही। परंपरा के अनुसार लोग इस दिन सोना, चांदी और झाड़ू की खरीदारी को शुभ मानते हैं। दुकानों पर भीड़ इतनी थी कि कई जगहों पर वाहन खड़े करने तक की जगह नहीं बची थी। दुकानदारों ने बताया कि इस बार बिक्री पिछले साल की तुलना में कहीं ज्यादा रही। बाजारों में इलेक्ट्रॉनिक सामान, बर्तन, कपड़े, सजावट की चीजों और मिठाइयों की जोरदार खरीदारी हुई।

#### भीड़ से चरमराई शहर की ट्रैफिक व्यवस्था

त्यौहारी सीजन में उमड़ने वाली भीड़ से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। कुछ दिनों से रोजाना शहर में जाम लग रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार की दोपहर केवडबाड़ी बस स्टैंड के आगे जोहल पैलेस के पास लंबा जाम लग गया। चारों तरफ रास्ता ब्लॉक हो जाने से करीब 40 मिनट तक लोग जाम में फंसे रहे, जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थिति यह हो गई थी कि कई दुपहिया और चारपहिया वाहन एक-दूसरे में उलझे हुए थे, जबकि बीच में एक एंबुलेंस भी जाम में फंस गया था।

#### बच्चों को लुभा रहे खास डिजाइन के दीये

इस बार दीपावली की खरीदारी में बच्चे अपने माता-पिता के साथ दीये, पटाखे, रंगोली और सजावटी लाइटें खरीदते नजर आए। नटवर स्कूल में दुकान लगाने वाली अनिता वर्मा ने बताया कि इस बार खास डिज़ाइन वाले दीये बहुत बिक रहे हैं, क्योंकि ये दीये बच्चों को लुभा रहे हैं।

# 6 आरोपियों से 399 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

तमनार पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने क्षेत्र के ग्राम बुढ़िया, बागबाड़ी, टिहलीरामपुर, झरन और टपरारंगा में सिलसिलेवार दबिश देकर अवैध शराब कारोबार पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से कुल 399 लीटर महुआ शराब जब्त कर करीब 120 हंडियों में तैयार लहान को मौके पर नष्ट किया है।

■ तमनार पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना पर पुलिस टीम डीएसपी साइबर सेल के मार्गदर्शन में रवाना हुई और ग्राम बागबड़ी में आरोपी उपेंद्र कुमार बेहरा 50 वर्ष के घर दबिश दी, जहां बड़े पैमाने पर अवैध शराब भट्टी संचालित की जा रही थी। मौके से 200 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया और 50 हंडियों में रखा लहान नष्ट किया गया। वहीं दूसरे आरोपी सुरेंद्र कुमार बेहरा 54 वर्ष के घर से 150 लीटर शराब और 60 से 70 हंडियों में लहान बरामद कर नष्ट किया गया। दोनों आरोपी आसपास के गांवों में शराब की सप्लाई करते थे। इसके बाद पुलिस टीम ने ग्राम टिहलीरामपुर में दबिश देकर समार तिर्की 35 वर्ष से 20 लीटर, ग्राम झरन में दिनेश खड़िया 32 वर्ष से 2 लीटर, ग्राम बुड़िया में आनंद कुमार सबर 41 वर्ष से 16 लीटर और प्रहलाद सिडार 31 वर्ष से 11 लीटर महुआ शराब जब्त किया गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# बाइक और स्कूटी की जबरदस्त भिड़ंत में एक युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



खरसिया का मामला, मर्ग कायम कर जांच में जुटी पुलिस

खरसिया थाना क्षेत्र अंतर्गत शुक्रवार की सुबह बाइक और स्कूटी की आमने-सामने जोरदार भिड़त हो गई। इस घटना में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

दरअसल खरसिया के चोढ़ा चौक के पास शुक्रवार की सुबह करीब 8 बजे बाइक और स्कूटी के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में बाइक सवार अनुज कुमार 24 साल निवासी, सराईनारा सजापाली, जिला कोरबा के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आने की वजह से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि स्कूटी सवार वरूण डनसेना को मामूली चोट आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मृतक अनुज कुमार छाल क्षेत्र के किसी माइंस में काम करता था और रोजाना की भांति सुबह अपने काम में जा रहा था इसी बीच यह घटना घटित हुई फिलहाल पुलिस ने मृतक के शव को पीएम के लिए अस्पताल भेजवाते हुए मर्ग कायम कर लिया है, वहीं मामले की जांच की जा रही है।

# तंत्र-मंत्र या बदमाशी : सड़क के बीच किसी ने रखा इंसानी पुतले का कटा हुआ सिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



बीती रात अज्ञात तत्वों ने कोतरारोड दशरथ पान ठेला के सामने बीच सड़क पर इंसानी पुतले का कटा हुआ सिर रख दिया। वहीं पुतले के आसपास पूजन सामग्री और खून के निशान से क्षेत्रवासी दहशत में आ गए हैं। कई लोग इसे तंत्र-मंत्र व काला जादू मान रहे हैं तो कई लोग इसे किसी की बदमाशी बता रहे हैं। सुबह जब राहगीरों ने यह विचलित करने वाला दृश्य देखा तो अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद तत्काल इसका वीडियो बनाया गया, जोकि सोशल मीडिया में काफी तेजी से वायरल हो रहा है। दरअसल उक्त घटना कोतवाली थाना क्षेत्र की है। वायरल वीडियो और तस्वीरों में साफ दिख रहा है कि पुतले के सिर के पास संदिग्ध लाल निशान हैं, जिसे स्थानीय लोग मुर्गी के खून के धब्बे मान रहे हैं। पुतले के कटे सिर के साथ नारियल का पाया जाना, इस आशंका को बल दे रहा है कि यह किसी तरह के तांत्रिक क्रिया का हिस्सा हो सकता है। शहर मं हर तरफ इस घटना की चर्चा हो रही है। लोग भयभीत हैं और जानना चाहते हैं कि इस तरह की खौफनाक हरकत के पीछे किसका हाथ है और इसका असल मकसद क्या है।

#### खास बात

■ पुतले के आसपास पूजन सामग्री और खून के निशान से दहशत में क्षेत्रवासी

#### पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी फुटेज

घटना से आक्रोशित लोगों ने तत्काल पुलिस अधीक्षक से इस मामले की जांच की मांग की है। सोशल मीडिया पर एक वायरल पोस्ट में लिखा गया हैए रायगढ़ पुलिस और रायगढ़ पुलिस कप्तान साहब से विनम्र निवेदन है कि इस वीडियो पर तुरंत प्रभाव से जांच होनी चाहिए। लोगों का कहना है कि हर बार इसी चौक को निशाना बनाया जाता है। पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए अज्ञात के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। वहीं आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं ताकि इस रहस्यमयी और दहशत फैलाने वालों का पता लगाया जा सके।

# स्टेशन चौक में लगाया गया हाईटेक कैमरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अग्रणी सामाजिक संस्था हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन ने रायगढ़ पुलिस के साथ मिलकर नागरिक सुरक्षा की इस मुहिम में भागीदारी निभाते हुए सराहनीय पहल की है। संस्थान द्वारा खरसिया स्टेशन चौक में डुअल हाईटेक कैमरा लगाया गया, जिसका शुभारंभ एसडीओपी खरसिया प्रभात पटेल के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक राजेश जांगड़े, चौकी प्रभारी निरीक्षक अमित तिवारी, हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन के प्रदेश संरक्षक मनोज गोयल, बंटी सोनी, प्रदेश अध्यक्ष अंकित अग्रवाल, उपाध्यक्ष विन्नी सलूजा, रतन अग्रवाल, हिमांशु अग्रवाल, निलेश अग्रवाल, साहिल शर्मा और राकेश केशरवाणी उपस्थित रहे। हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन द्वारा यह कैमरा नगर सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से लगाया गया है। संस्था का उद्देश्य है कि आगे भी पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर नगर के अन्य प्रमुख स्थानों पर हाईटेक कैमरे लगाए जाएंए जिससे नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाया जा सके।

# श्रम न्यायालय ने 5 उद्योगों पर लगाया अर्थदंड

### सुरक्षा मानकों में कमी के कारण लिया गया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



कारखाना अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर श्रम न्यायालय ने जिले में स्थापित मेसर्स एनटीपीसी लिमिटेड लारा समेत 5 उद्योगों पर 8 लाख 83 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया है।


सुरक्षा मानकों की कमी के चलते हुए हादसे की औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम ने जांच के बाद आपराधिक प्रकरण बनाकर श्रम न्यायालय में दायर किया था। जिले में औद्योगिक हादसों का ग्राफ कम होने का नाम नहीं ले रहा है। ऐसा कोई महीना नहीं बचता जिस महीने किसी न किसी उद्योग में हादसे न होते हों और चीखपुकार न मचती हो। किसी हादसे में किसी मजदूर की जान चली जाती है तो किसी में कोई गंभीर रूप से घायल होकर अस्पताल पहुंचता है। ऐसे सभी हादसों की जांच औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा की जाती है और हादसे के लिए सुरक्षा मानकों की कमी और कारखाना अधिनियम का उल्लंघन पाए जाने पर प्रकरण बनाकर श्रम न्यायालय में दायर किया जाता है। औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग के उप संचालक राहुल पटेल ने बताया कि श्रम न्यायालय ने ऐसे ही मामलों में कारखाना अधिनियम 1948 के प्रावधानों का उल्लंघन पाए जाने पर जिले के पांच उद्योगों पर अर्थदंड लगाया है।

#### इन उद्योगों पर इतने का अर्थदंड

जुलाई महीने में दायर एक प्रकरण में मेसर्स मां मंगला इस्पात कंपनी को जहां 2 लाख 40 हजार रुपए अर्थदंड से दंडित किया गया है तो वहीं 4 दिसंबर 2024 और 17 जनवरी में दायर प्रकरण में मेसर्स शम्भावी इस्पात प्राइवेट लिमिटेड को 1 लाख 65 हजार, जुलाई में दायर प्रकरण में मेसर्स मां मणी आयरन एंड स्टील कंपनी पर 4 लाख 20 हजार रुपए, अप्रैल में दायर प्रकरण में मेसर्स एनटीपीसी लिमिटेड लारा पर 50 हजार रुपए और एनआर इस्पात को 8 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। वहीं 24 नवंबर को मेसर्स अग्रोहा स्टील एंड पावर लिमिटेड में घटित एक हादसे में एक श्रमिक की हुई मौत के मामले में जांच उपरांत उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा विभाग राहुल पटेल द्वारा कंपनी के अधिभोगी उत्तम कुमार अग्रवाल और कारखाना प्रबंधक वीर विक्रम सिंह के खिलाफ गुरूवार को आपराधिक प्रकरण भी श्रम न्यायालय में दायर किया गया है।

### व्यापारियों से सहयोग करने की गई अपील, बनाया गया पार्किंग स्थल

# दीपावली में भीड़ को देखते हुए बदली गई ट्रैफिक व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दीपावली में होने वाली भीड़ को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने लेआउट जारी किया है। वहीं व्यापारियों, नागरिकों व ग्राहकों से यातायात पुलिस द्वारा विनम्र अपील की गई है कि पर्व के दौरान जिला मुख्यालय में सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें और यातायात विभाग द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। इसके अलावा शहर में खरीददारी करने आने वाले लोगों के लिए अस्थायी रूप से पार्किंग स्थल भी बनाया गया है।

#### इन स्थानों पर लोग खड़ा करेंगे वाहन

यातायात विभाग द्वारा तत्कालीन पार्किंग व्यवस्था के रूप में कुछ स्थानों का चयन किया गया है, जिसमें सावड़िया भवन प्रांगण, रामलीला मैदान, श्याम टाकिज परिसर, गांधी गंज परिसर, व नगर निगम कांप्लेक्स पुराना जिला शिक्षा कार्यालय शामिल हैं। शहर में खरीदी करने आने वाले लोग अपने वाहनों को यहां खड़ी करेंगे।

#### इन मार्गों को बनाया गया वन वे

यातायात विभाग द्वारा यातायात के सुगम संचालन के लिए शहर के कुछ मागों को एकांगी मार्ग के रूप में संचालित किया जा रहा है, जिसमें हण्डी चौक से हटरी चौक मार्ग प्रवेश प्रतिबंधित, केवड़ाबाड़ी चौक से हटरी चौक मार्ग प्रवेश प्रतिबंधित, गौरीशंकर मंदिर तिराहा से न्यू मार्केट तिराहा प्रवेश प्रतिबंधित व मालधक्का तिराहा से गांधी प्रतिमा तिराहा प्रवेश प्रतिबंधित है।

#### व्यापारियों के लिए जारी निर्देश

- सभी व्यापारी बधु अपने प्रतिष्ठान के सामने वालिंटियर, गार्ड तैनात कर अव्यवस्थित पार्किंग को दुरूस्थ करवाएं।
- अपने दुकानों के सामानों को दुकान से बाहर न निकालें या प्रदर्शन न करें।
- प्रतिष्ठान में कार्यरत कर्मचारियों के वाहन यथासंभव पार्किंग में ही रखने के लिए निर्देशित करें।
- सभी व्यापारी बंधु सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिष्ठान के सामने सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से लगाएं।

# चोरी की बाइक के साथ दो शातिर आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

घरघोड़ा पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान शैतान चौक के पास दो युवकों को चोरी की बाइक के साथ पकड़ा है। पूछताछ में दोनों ने बाइक चोरी करने का अपराध स्वीकार किया। गिरफ्तार आरोपियों में एकेश मरावी 21 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 2, सोईराम कॉलोनी घरघोड़ा और रेहान खान 22 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 4, मोहम्मद शकील के किराए का मकान घरघोड़ा शामिल हैं।

पुलिस पूछताछ में एकेश मरावी ने खुलासा किया कि वह पूर्व में चोरी और लूट के प्रकरणों में जेल जा चुका है और कोर्ट से जमानत पर बाहर है। करीब 15-16 दिन पहले अपने साथी रेहान खान के साथ ग्राम झांकादरहा में रेकी कर एक घर के बाहर खड़ी बाइक को देखा और दोनों ने मिलकर उसे चोरी कर लिया। पहचान से बचने के लिए बाइक की नंबर प्लेट हटाकर फेंक दी और उसे बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे, तभी पुलिस ने दोनों को धर दबोचा। बाइक चोरी की रिपोर्ट ग्राम बजरमुड़ा निवासी राजाराम भगत ने थाना घरघोड़ा में दर्ज कराई थी, पुलिस ने दोनों आरोपियों को रिमांड पर भेज दिया है।

Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in

ORA MAKERS
Own your real asset.

A FESTIVE WELCOME AWAITS AT YOUR NEW ADDRESS OF SERENE LANDSCAPED GARDENS.

CLASSICAL FROM OUTSIDE.
MODERN FROM INSIDE.









Bilaspur's Most Awaited Premium Township of DEVELOPED PLOTS and 2, 3, 4 & 5 BHK ROYAL BUNGALOWS

New Town
Own it!

Shrine +91 98337 11720

- Grand Entrance Gate - A majestic welcome every day
- Modern Garden Spaces - Thoughtfully planned for leisure
- Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness
- Fully Equipped Gymnasium - Stay fit and active
- Lavish Swimming Pool with Kids' Pool - Fun for all ages
- Indoor & Outdoor Games - Recreation at your doorstep
- Yoga, Meditation & Jogging Spaces - Wellness made easy

TO AVAIL Diwali PRE-LAUNCH OFFER, CALL:

98931 13444/ 98931 28333

New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden, 4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

खबर संक्षेप

## संविदा पदों के भर्ती हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी

**जशपुरनगर।** स्वास्थ्य विभाग के द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन व जिला स्वास्थ्य समिति के अन्तर्गत रिक्त संविदा पदों पर भर्ती के लिए दावा आपत्ति प्रस्तुत किये जाने हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी किया गया था। अभ्यर्थियों द्वारा उक्त सूची पर दावा आपत्ति आवेदन प्रस्तुत किया था। दावा आपत्ति निराकरण पश्चात पात्र-अपात्र सूची जिले की वेबसाईट में अपलोड की गयी है। दावा आपत्ति निराकरण पश्चात पात्र-अपात्र सूची हेतु अभ्यर्थी जिले की वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं।

## दिन दहाड़े बाइक सवार से 60 हजार की लूट

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नवानगर निवासी रामनाथ राम आ. स्व. घुडाराम 14 अक्टूबर की दोपहर शहर के बैंक में रुपए निकालने आया था। ग्रामीण ने बैंक से 20 हजार रूपए निकाला और पहले से झोला में रखे 40 हजार रुपए के साथ रखकर बाइक से वापस घर जाने लगा। जैसे ही बाइक सवार कांतिप्रकाशपुर पुलिया के समीप पहुंचा तभी पीछे से आ रहे बाइक सवार युवक ने ग्रामीण के पास रखे झोला को झपट्टा मार लेकर फरार हो गया। पीड़ित ग्रामीण ने घटना की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 304(2) के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

## मंडल के पदाधिकारी व जन प्रतिनिधियों को किया गया सम्मानित

**राजपुर।** जनपद पंचायत उपाध्यक्ष आकाश अग्रवाल व समाजसेवी अशोक अग्रवाल के निवास पर गुरुवार को भाजपा मंडल राजपुर व बरियो के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं जनपद सदस्यों का शॉल, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

# निखरेंगी खेल प्रतिभाएं, खिलाड़ियों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जशपुर जिला खेल प्रतिभाओं की भूमि के रूप में शुरूआत से ही जाना जाता रहा है। यहां के खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल के दम पर न केवल प्रदेश, बल्कि देश और विदेशों में भी जशपुर का नाम गौरवान्वित किया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जशपुर की लोकसंस्कृति और यहां के खेलप्रेम से भलीभांति परिचित हैं। उनके नेतृत्व में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर प्रदान करने के लिए निरंतर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। जिले में खेल अधोसंरचना के विकास के तहत आधुनिक स्टेडियमों और खेल मैदानों का निर्माण तेजी से किया जा रहा है। यहां विभिन्न महत्वपूर्ण खेल आयोजनों के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अपनी क्षमता प्रदर्शित करने और आगे बढ़ने का सुनहरा अवसर मिल रहा है।





- मुख्यमंत्री के नेतृत्व में बन रहे अत्याधुनिक स्टेडियम और खेल अकादमियां

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर जशपुर जिले में खेल अधोसंरचना को मजबूत करने के लिए स्टेडियमों और खेल मैदानों की स्वीकृति एवं निर्माण कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। जिले में निवासरत विशेष संरक्षित जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय को जन्म से ही तीरंदाजी में प्राकृतिक निपुणता प्राप्त होती है। इस पारंपरिक कौशल को निखारकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से सन्ना में 20 करोड़ 53 लाख रुपए की लागत से अत्याधुनिक तीरंदाजी अकादमी का निर्माण किया जाएगा। इस अकादमी में लाइब्रेरी, मेडिकल सेंटर, नर्सरी, हर्बल प्लांटेशन, अत्याधुनिक ग्राउंड, चेंजिंग रूम, कोच रूम, उपकरण केंद्र, स्किल डेवलपमेंट सेंटर, प्रशिक्षण कक्ष, वार्डन एवं गार्ड रूम जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही उपकरण, परिवहन के लिए बस, हाईमास्ट लाइट जैसी व्यवस्थाएं भी की जाएंगी। इसी तरह कुनकुरी में 63 करोड़ 84 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इंटीग्रेटेड स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को भी मंजूरी मिल चुकी है। यह कॉम्प्लेक्स आधुनिक खेल ढांचे और सुविधाओं से सुसज्जित होगा, जिसमें एथलेटिक्स ट्रैक एवं पवेलियन, बास्केटबॉल कोर्ट, कबड्डी और खो-खो मैदान, स्विमिंग पूल, ड्रेस चेंजिंग रूम, वॉलीबॉल ग्राउंड, जंपिंग गेम और खेल उपकरण शामिल होंगे। इसी प्रकार से मुख्यमंत्री श्री साय के कार्यकाल में 2.83 करोड़ लागत के बगीचा में स्वीकृत हुए आधुनिक इनडोर बैडमिंटन स्टेडियम का निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। इसके साथ ही मयाली में एडवेंचर स्पोर्ट्स संचालित है। घोलेंग में फुटबॉल स्टेडियम के लिए भूमि का चिन्हांकन किया गया है। जिला मुख्यालय जशपुर में एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान के पास 3.50 करोड़ लागत के बास्केट बाल कोर्ट का निर्माण कार्य जारी है। रणजीता स्टेडियम में एस्ट्रोटर्फ ग्रास और एलईडी डिस्प्ले लगाए जाने की घोषणा की गई है। नगरीय क्षेत्र से लेकर ग्रामीण अंचलों तक स्टेडियमों और खेल मैदानों के जीर्णोद्धार व निर्माण की निरंतर स्वीकृति दी जा रही है।

### खिलाड़ियों, नागरिकों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार

खेल प्रेमियों और आम नागरिकों का कहना है कि मुख्यमंत्री श्री साय ने हमेशा खेलों को समाज और युवाओं के विकास का माध्यम माना है। उनकी प्राथमिकताओं में खेल सुविधाओं का विस्तार और ग्रामीण अंचलों तक खेल अधोसंरचना उपलब्ध कराना शामिल रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जशपुर के खिलाड़ी अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए और अधिक तैयार हो पाएंगे। यह पहल जिले में खेल संस्कृति को नई पहचान दिलाएगी और आने वाली पीढ़ियों को खेलों की ओर प्रेरित करेगी।

# म्यूल अकाउंट गिरोह का भंडाफोड़ चेन्नई से पकड़ा गया असम का ठग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ऑनलाइन ठगी के मामलों पर शिकंजा कसते हुए जशपुर पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। चौकी आरा क्षेत्र के एक व्यक्ति से दो लाख 35 हजार रुपए की ठगी के मामले में पुलिस ने असम निवासी एक युवक को चेन्नई से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी ने ठगों को अपना बैंक खाता किराए पर दे रखा था, जिसके जरिए ठगी की रकम का लेन-देन किया गया था। मामला वर्ष 2024 का है। ग्राम टुकुटोली निवासी प्रार्थी राजू साय (50 वर्ष) को 7 जुलाई 2024 को एक अज्ञात नंबर से व्हाट्सएप मैसेज प्राप्त हुआ। संदेश में लिखा था कि आपकी पीएम किसान निधि योजना चालू हो गई है, कृपया दिए गए एप लिंक पर क्लिक करें।प्रार्थी ने जैसे ही लिंक पर क्लिक किया, उसके बैंक खाते से ठगों ने कुल 2,35,000 की रकम निकाल ली। पीड़ित ने इसकी शिकायत चौकी आरा में दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए बीएनएस की धारा 318, 318(4) एवं 120(बी) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया और विवेचना प्रारंभ की।



### चेन्नई से दबोचा गया आरोपी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के निर्देश पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित की गई। तकनीकी टीम की मदद से पुलिस को पता चला कि जहुरूल इस्लाम वर्तमान में चेन्नई में रह रहा है।टीम ने चेन्नई पहुंचकर आरोपी को हिरासत में लिया और जशपुर लाकर पूछताछ की।

# शासकीय महाविद्यालय बिलाईगढ़ में हुआ वार्षिक पत्रिका वीरभूमि का विमोचन

**बिलाईगढ़।** शासकीय शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय बिलाईगढ़ में वार्षिक पत्रिका वीरभूमि का विमोचन समारोह वीर नारायण सिंह के प्रपौत्र राजेंद्र दीवान के मुख्य आतिथ्य एवं प्राचार्य की अध्यक्षता में उत्साह पूर्ण संपन्न हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में अग्रणी कॉलेज शासकीय लोचन प्रसाद पांडेय महाविद्यालय सारंगढ़ के प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर लोकेश्वर पटेल एवं विद्याधर तिवारी उपस्थित हुए।




दीप प्रज्ज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, छात्राएं संजना सोनवानी एवं सपना के द्वारा सरस्वती वंदना तथा संगीता साहू द्वारा स्वागत गीत के उपरांत शहीद वीर नारायण सिंह की जीवनी पर आधारित नृत्य छात्रों अजय, हरिशंकर, विष्णु देव, करण एवं तुषार के द्वारा तथा छात्राओं चांदनी, मनीषा, दीपा साहू रिया साहू, पूजा खटकर, साक्षी बंजारे एवं उषा किरण ठाकुर के द्वारा मनमोहक सुआ नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद अतिथियों द्वारा मंच पर पत्रिका का विमोचन किया गया। स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य ने पत्रिका प्रकाशन में सहयोग के लिए महाविद्यालय के सभी स्टाफ एवं छात्र छात्राओं को बधाई दी और भविष्य में निरंतर सक्रिय रहकर सकारात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित किया।





















# हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशी का लिया संकल्प

**जशपुरनगर**। आत्मनिर्भर भारत अभियान के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय सम्मेल का आयोजन जशपुर विधानसभा के सन्ना मंडल स्थित कल्याण आश्रम प्रांगण में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय, सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैंकरा तथा जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत उपस्थित रहीं।सम्मेलन में हर घर स्वदेशी घर-घर स्वदेशी का संकल्प लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के जिला संयोजक उपेन्द्र यादव ने सम्मेलन की विषयवस्तु रखते हुए बताया कि इस अभियान का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहित करना तथा स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन करना है।कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री मुकेश शर्मा ने किया।

समापन अवसर पर आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रम के सहसंयोजक शंकर गुप्ता ने उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया और कहा कि "संगठन का प्रत्येक कार्यकर्ता स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार में अग्रणी भूमिका निभाएगा। जिला भाजपा मीडिया प्रभारी फैज़ान सरवर खान ने जानकारी दी कि सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शामिल हुए।



### महिलाएं आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ हैं- उद्धेश्वरी पैंकरा

अपने उद्बोधन में सामरी विधायक श्रीमती उद्धेश्वरी पैंकरा ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान में महिलाओं की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अनेक योजनाएं चला रही है "यदि हमारे गांव की महिलाएँ स्वरोजगार अपनाएँगी, तो परिवार ही नहीं, पूरा समाज आत्मनिर्भर बनेगा।

### आत्मनिर्भर भारत, आत्मविश्वासी भारत का प्रतीक - रायमुनी भगत

विधानसभा की विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य तभी पूरा होगा जब समाज का प्रत्येक वर्ग अपने कौशल और संसाधनों का सही उपयोग करेगा। उन्होंने कहा आत्मनिर्भरता केवल आर्थिक नहीं, यह मानसिक और सामाजिक स्वतंत्रता का भी प्रतीक है। हमें अपने पारंपरिक हुनर, कृषि और स्थानीय उत्पादों पर गर्व करना चाहिए।

### स्वावलंबन ही राष्ट्र की शक्ति है- कृष्ण कुमार राय

सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व प्रदेश महामंत्री कृष्ण कुमार राय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर है।उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह राष्ट्र निर्माण का संकल्प है। श्री राय ने कहा जब तक हर नागरिक स्थानीय उत्पादों को अपनाएगा, तब तक देश आर्थिक रूप से मज़बूत नहीं हो सकता। हमें 'वोकल फॉर लोकल'के मंत्र को जीवन का हिस्सा बनाना होगा। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करना ही सच्चा स्वदेशी आंदोलन है।

## जिला मॉनिटरिंग सेल एवं यूटीआरसी कमेटी के सदस्यों की बैठक

**जशपुरनगर**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के मार्गदर्शन में प्रधान जिला न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जशपुर सत्येन्द्र कुमार साहू के निर्देशन एवं अध्यक्षता में जिला के मॉनीटरिंग सेल की मासिक बैठक, यूटीआरसी का मासिक एवं त्रैमासिक बैठक एवं नालसा योजना डॉन, संवाद, आशा एवं जागृति अंतर्गत जिला एवं तालुका स्तर में गठित यूनिट के सदस्यों बैठक विगत दिवस 16 अक्टूबर 2025 को योजन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय के सभा कक्ष में किया गया। बैठक में यूटीआरसी के अंतर्गत एजेंडा व मिनट्स, जिला एवं तालुका स्तर पर पार्किंग हेतु स्टैण्ड, भवनों में सीपेज, विद्युत, सिविल, साफ-सफाई. स्ट्रीट लाईट, पानी, नोटिस व समंस तामिली आदि की समस्याओं एवं बाल विवाह की समस्या से निपटने के लिये एक संस्थागत ढांचा तैयार कर, बाल विवाह की प्रथा का उन्मूलन करना, पीड़िताओं को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कराते हुये समाज की मुख्य धारा से जोड़ने, जमीनी स्तर पर निःशुल्क विधिक सहायता का प्रचार-प्रसार करना एवं शासन की योजनाओं का लाभ प्रदान करने, नशे से पीडित व्यक्ति को नशे से मुक्ति हेतु नशा मुक्ति केन्द्र जाने हेतु प्रोत्साहित करने, नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाईन नंबर 1933 एवं 14446 एवं नालसा हेल्पलाईन नंबर 15100 का प्रचार प्रसार करने, स्कूल कॉलेज, सडकों पर रहने वाले बच्चे, सेक्स वर्कर, जेल, किशोर गृह, केमिस्ट, ड्रग पीड़ति व्यक्ति एवं उनके परिवारों, आम जनता के मध्य जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।




















।। श्री गणेशाय नमः।।
धनतेरस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
पूजा ज्वेलर्स
बरपाली वाले
पूजा ज्वेलर्स
प्रो. प्रसन्न कुमार साथुआ
पताः- जय स्तंभ चौक मेन रोड, घरघोड़ा (छ.ग.)
मो. 8085015533, 9479035254


धनतेरस व दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
प्रो. रमाकांत मनहर
पदमा फ्यूल्स
इंडियनऑयल
IndianOil
पेट्रोल पंप रायगढ़ रोड इमलीडीह घरघोड़ा


धनतेरस व दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
हरि क्रेन सर्विस
प्रो. हरिचरण यादव
हाइड्रा, चेन पुल्ली, जे.सी.बी. एवं बोलेरो हमारे पास उपलब्ध है।
वार्ड नं. 04, साहू मोहल्ला, घरघोड़ा
8120889906, 7999881878, 7879067544


धनतेरस व दीपावली की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
।। श्री गणेशाय नमः।।
साज मोबाईल
हमारे यहा सभी प्रकार के मोबाईल बनाये एवं बेचे जाते है।
मोबाईल रिचार्ज
कवर ग्लास
फायनेंस सुविधा
एसेसरीज उपलब्ध
फोटो कॉपी
फोटो प्रिंट
काम्बो चेंज
काम्बो चेंज 15 मिनट में
(कॉम्बो लगवाने पर निश्चित उपहार)
हर स्मार्ट फोन की खरीदी पर पायें निश्चित उपहार
MI STORE
MI Original Accessories
LED TV Camera
Redmi, Mi, Xiaomi
के सभी प्रोडक्ट उपलब्ध
Apple realme Redmi vivo SAMSUNG ONEPLUS narzo Infinix POCO itel oppo
हमारे यहाँ सभी प्रकार के मोबाईल, कम्प्युटर एवं प्रिंटर बेचें एवं बनायें जाते है और मोबाईल कम्प्युटर एसेसरिज, बैटरी, चार्जर केबल, ग्लास, कव्हर, पेनड्राईव, कार्टेज, कलर प्रिंटर उचित मूल्य पर उपलब्ध है।
0% INTEREST
BAJAJ FINSERV
FINANCE AVAILABLE
प्रो. अनिल कुमार गुप्ता
पताः- विद्यामंदिर के सामने, जय स्तंभ चौक, घरघोड़ा
मो. 9522479199, 7000157699


धनतेरस
व दीपावली की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं...
Helping Hands Club Foundation
Reg. No. 122202444590
मानव सेवा माधव सेवा
मनोज गोयल
प्रदेश संरक्षक हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन
प्रदेश मंत्री छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन
सियाराम सखा मंडल खरसिया

## खबर संक्षेप

### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 66 मरीज हुए लाभान्वित

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के निर्देशानुसार एवं डीपीएम सुश्री रंजना पैंकरा के मार्गदर्शन में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन यूपीएचसी इंदिरानगर, मोदीनगर में किया गया। शिविर में आम नागरिकों को विभिन्न प्रकार की निःशुल्क चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। स्वास्थ्य शिविर में कुल 66 मरीजों ने सेवाओं का लाभ उठाया, जिनमें 17 पुरुष, 40 महिलाएं एवं 9 बच्चे शामिल थे। शिविर में ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच, खून जांच, चिकित्सकीय परामर्श तथा निःशुल्क दवा वितरण जैसी सुविधाएं प्रदान की गईं। इसके साथ ही हृदय संबंधी आपातकालीन स्थिति में कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन की जानकारी भी नागरिकों को दी गई, जिससे आपात स्थिति में जीवनरक्षक उपायों की समझ बढ़ सके। शिविर में चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋतंभरा पटेल एवं डॉ. सेमंतिका शर्मा, लैब टेक्नीशियन नीरज यादव, एएनएम श्रीमती उषा सैश, स्टाफ नर्स नीतू चौहान व श्वेता साहू तथा वार्ड बॉय खेमराज उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्षेत्र की मितानिन दीदियों एवं स्थानीय पार्षद श्रीमती त्रिवेणी डहरे का विशेष योगदान रहा। उन्होंने समुदाय को जागरूक करते हुए अधिक से अधिक लोगों को शिविर में भाग लेने हेतु प्रेरित किया।

### वार्ड पंचों का एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**रायगढ़।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजनान्तर्गत जनपद पंचायत स्तर पर निर्वाचित पंचों का एक दिवसीय आवासीय आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत रायगढ़ सभाकक्ष में किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत रायगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सनत कुमार नायक, इन्टेकों सर्विसेज से आरजीएस, प्रतिनिधि अनिल शर्मा एवं सहायक विकास अधिकारी अक्षित सहित अन्य अधिकारियों ने प्रशिक्षण में सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान जनपद सीईओ सनत कुमार नायक ने ग्राम स्वराज की मूल अवधारणा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि किस प्रकार ग्राम पंचायतें स्वशासन के माध्यम से अपने गांवों का समग्र विकास कर सकती हैं। उन्होंने पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका, अधिकार एवं जिम्मेदारियों की जानकारी दी और सभी वार्ड पंचों को सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। वहीं, इन्टेकों सर्विसेज से आए आरजीएस, प्रतिनिधि अनिल शर्मा ने आदर्श ग्राम की परिकल्पना को समझाते हुए बताया कि गांवों में कैसे जनसहभागिता और नवाचारों के जरिए सतत एवं समावेशी विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। सहायक विकास अधिकारी अक्षित ने भी प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए ग्राम स्वराज की दिशा में विभिन्न योजनाओं और क्रियान्वयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी।

### बेटियों की शिक्षा की राह हुई आसान

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जामगांव में अध्ययनरत कक्षा 9वीं की 35 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल प्रदान की गई। इस योजना का उद्देश्य छात्राओं को विद्यालय आने जाने में सहूलियत प्रदान कर उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। छात्राओं को जब साइकिल प्रदान की गई, तो उनके चेहरों पर उत्साह और आत्मविश्वास साफ झलक रहा था। कई छात्राओं ने कहा कि अब उन्हें स्कूल आने जाने में समय की बचत होगी और नियमित रूप से समय पर स्कूल पहुंच सकेंगी। गौरतलब है कि यह योजना वर्ष 2004 में तत्कालीन मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के कार्यकाल में शुरू की गई थी, जिसका उद्देश्य ग्रामीण एवं दूरदराज की छात्राओं को शिक्षा से जोड़ना और उनके ड्रॉपआउट रेट को कम करना रहा है। प्रत्येक वर्ष कक्षा 9वीं में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को इस योजना के तहत निःशुल्क साइकिल प्रदान की जाती है। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुरारी लाल अग्रवाल, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जामगांव के विकास समिति अध्यक्ष उग्रसेन विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

धान खरीदी की पूरी तैयारी व उपार्जन केंद्रों पर विशेष निगरानी के निर्देश

# सीएम कॉन्फ्रेंस के निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर हाल ही में आयोजित मुख्यमंत्री कॉन्फ्रेंस में मिले निर्देशों के पालन एवं क्रियान्वयन की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री कॉन्फ्रेंस से मिले आदेशों और निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए तथा सभी लंबित प्रकरणों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि राज्य शासन की प्राथमिकता लोक कल्याणकारी योजनाओं को पारदर्शी रूप से अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने की है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य शासन की प्रत्येक योजना का लाभ पात्र व्यक्ति, परिवार और समूह तक पहुँचाना है। आदेशों के लिए प्रतीक्षा न करें, बल्कि तुरंत उनके अनुपालन की दिशा में ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करें। बैठक में कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने राज्य शासन की शीर्ष प्राथमिकता में शामिल धान उपार्जन वर्ष 2025-26 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बताया कि धान खरीदी 15 नवम्बर से प्रारंभ होगी, जिसके लिए सभी उपार्जन केंद्रों में आवश्यक व्यवस्थाएँ, माप तौल, भंडारण, बिजली, पेयजल, तौल कांटा, परिवहन और सुरक्षा समय रहते सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने संबंधित विभागों को धान खरीदी से जुड़े अमले, समितियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। खाद्य विभाग को प्रत्येक उपार्जन केंद्र के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने और अंतरराज्यीय सीमाओं पर विशेष निगरानी रखने को कहा।

कलेक्टर ने बताया कि ओडिशा से जुड़ने वाले 10 प्रमुख मार्गों की पहचान की जा चुकी है जिनमें से 4 अति संवेदनशील मार्गों पर चेकपोस्ट स्थापित किए जाएंगे। सभी चेकपोस्टों पर 24 घंटे कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी, वहीं रेंगारपाली बैरियर को विशेष निगरानी क्षेत्र घोषित किया गया है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ अभिजीत बबन पठारे, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय, अपर कलेक्टर अपूर्व प्रियेश टोप्पो, सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी, रवि राही, डॉ.प्रियंका वर्मा सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।



#### जनमन योजना की प्रगति पर विशेष निर्देश

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना फेस 3 की समीक्षा करते हुए बताया कि रायगढ़ जिले को 2600 नए कनेक्शनों का लक्ष्य मिला है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त सभी आवेदनों का भौतिक सत्यापन कर पात्र हितग्राहियों को प्राथमिकता में लाभ दिलाया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना, धरती आबा अभियान और आदिकर्मयोगी योजना की प्रगति की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे लाभार्थियों को चिन्हांकित किया जाए जिनकी 200 यूनिट से अधिक बिजली खपत है, ताकि उन्हें प्रधानमंत्री सूर्य घर मुक्त बिजली योजना से जोड़ा जा सके। प्रशासन स्तर पर इस योजना का लाभ दिलाया जाएगा। विद्युत विभाग को पंजीकृत वेंडरों की बैठक बुलाने और योजना के सुचारू क्रियान्वयन के लिए दिशा निर्देश तय करने के निर्देश दिए गए।

#### प्रशासनिक और निगरानी संबंधी दिए निर्देश

कलेक्टर ने सभी एडीएम और एसडीएम को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतों में मुसाफिर रजिस्टर का रख रखाव सुनिश्चित करें तथा आने वाले आगंतुकों की जानकारी दर्ज की जाए। उन्होंने पालतू पशुओं की दुर्घटना के बाद अंतिम संस्कार स्थल डिवीजन स्तर पर चिन्हित करने के भी निर्देश दिए। साथ ही प्रमुख नदी किनारों पर 30 से 50 मीटर तक शासकीय भूमि में पौधारोपण की कार्ययोजना तैयार करने को कहा।

#### एग्रीस्टेक पोर्टल और किसान पंजीयन को प्राथमिकता

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बैठक में एग्रीस्टेक पोर्टल की प्रगति की समीक्षा करते हुए इसे किसानों के लिए डिजिटल पहचान और पारदर्शी डेटाबेस बताया। उन्होंने कहा कि जिले का हर पात्र किसान पोर्टल पर पंजीकृत हो ताकि धान खरीदी और अन्य योजनाओं में उन्हें किसी तरह की कठिनाई न हो। उन्होंने सभी एसडीएम और मैदानी अमले को निर्देशित किया कि घर घर जाकर किसानों का संपर्क कर पंजीयन पूर्ण करें। कलेक्टर ने कहा कि एग्रीस्टेक पोर्टल किसानों के लिए नई संभावनाओं का डिजिटल द्वार है, इसे शीर्ष प्राथमिकता दें।

#### राजस्व प्रकरणों का निर्धारित समय में करें निराकरण

कलेक्टर ने राजस्व विभाग के बंटवारा, नामांतरण, सीमांकन, स्वामित्व योजना और त्रुटि सुधार जैसे प्रकरणों का निर्धारित समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में कम प्रगति पर असंतोष जताया और मैदानी अमले को घर घर जाकर पंजीयन करने को कहा। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन यूनिट, सड़क अधोसंरचना विकास सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता, पारदर्शिता और समय सीमा का पालन सुनिश्चित करने पर बल दिया।



## खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने रायगढ़ में लिए मिठाई के नमूने

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

राज्य शासन के दिशा निर्देशों और कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए रायगढ़ जिले में मिलावटी एवं अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री पर सख्त निगरानी रखी जा रही है।

अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन श्रीमती सुधा चौधरी के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा जिले के मिठाई दुकानों और खाद्य निर्माण इकाइयों का औचक निरीक्षण किया गया। टीम ने संदेह के आधार पर खुले मिठाई पदार्थों के नमूने एकत्र कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, रायपुर भेजे हैं। इनमें पूजा स्वीट्स, किरोड़ीमल नगर, रायगढ़ में चमचम खुला एवं बेसन लड्डू खुला तथा होटल संदीप, किरोड़ीमल नगर, रायगढ़ में मीठी बूंदी खुला एवं छेना ड्राय रसगुल्ला खुला का नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा यह अभियान आमजन को गुणवत्ता युक्त, शुद्ध और सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, ताकि त्योहारों के इस पावन अवसर पर नागरिकों का स्वास्थ्य किसी भी प्रकार की लापरवाही का शिकार न हो। श्रीमती सुधा चौधरी ने बताया कि यदि नमूनों की जांच में मिलावट या अमानकता पाई जाती है, तो संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह निरीक्षण आगामी दिनों में भी निरंतर जारी रहेगा। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती सरिता पटेल, शांतनु भट्टाचार्य तथा एमएफटीएल कर्मचारी अमित साहू, लैब अटेंडेट संतोष दास, लैब टेक्नीशियन मौजूद रहे।

### अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त मकानों के लिए 40 हजार स्वीकृत

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन, नया रायपुर के निर्देशानुसार अतिवृष्टि से मकानों को हुए नुकसान के मद्देनजर खरसिया तहसील क्षेत्र के 10 प्रभावित नागरिकों को कुल 40,000 रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। प्रकरण में तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार, खरसिया द्वारा नियमानुसार परीक्षण व राजस्व पुस्तक परिपत्र 6.4 के अंतर्गत अनुशंसा की गई थी, जिसके आधार पर पात्रतानुसार प्रत्येक पीड़ित को 4,000 की दर से सहायता स्वीकृत की गई है। यह आर्थिक सहायता उन परिवारों को दी जा रही है, जिनके मकान अतिवृष्टि के कारण आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए हैं। शासन का यह कदम प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत पहुंचाने और उनके पुनर्वास में मदद करने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

## घरघोड़ा में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक, शिक्षा का समग्र वातावरण बनाने बिन्दुवार हुई चर्चा



**घरघोड़ा।** स्कूली शिक्षा विभाग घरघोड़ा की विकासखंड स्तरीय बैठक अध्यक्ष जनपद पंचायत सहनूराम पैंकरा उपाध्यक्ष संजय अग्रवाल जनपद सदस्य लीलावती गुप्ता, पुनिता राठिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुई, जिसमें जिला शिक्षा विभाग रायगढ़ से जिला परियोजना समन्वयक आलोक स्वर्णकार एपीसी भुवनेश्वर पटेल जिला नोडल अधिकारी छात्रवृत्ति शैलेन्द्र कुमार कर्ण जिला समन्वयक साक्षरता देवेंद्र वर्मा, एपीसी समग्र शिक्षा अभय पाण्डेय उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक के प्रारम्भ में आँगंतुक जनप्रतिनिधियों अधिकारीयों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।

बैठक में अध्यक्ष जनपद पंचायत सहनू पैंकरा ने विकास खंड के शिक्षा विभाग में संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा छात्राओं के हित में चलाए जा रहे योजनाओं को उचित क्रियान्वयन की बात कही। उपाध्यक्ष जनपद पंचायत संजय अग्रवाल ने गुरु की महत्ता को स्वीकार करते हुए आज के संदर्भ में शिक्षकों के कार्य के और जवाबदेही बताते हुए विद्यार्थियों के सर्वागीण विकास पर ध्यान देने की आवश्यकता जताते हुए शैक्षणिक विन्दुओं पर चर्चा की। जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा आलोक स्वर्णकार ने विकास खंड में जिला बोर्ड परीक्षा सहित दसवीं बारहवीं की परीक्षा में प्रदेश स्तर पर विद्यार्थियों का प्रमुख स्थान रहे इसके लिए विद्यालय स्तर पर कार्ययोजना तैयार करते हुए प्रतियोगिता परीक्षा की भूमिका तैयार करने एवं सफलता प्राप्ति हेतु आवश्यक विन्दुओं पर पहल करने के निर्देश प्रदान किए। समग्र शिक्षा सहायक जिला परियोजना समन्वयक भुवनेश्वर पटेल ने प्राथमिक माध्यमिक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय मे संचालित योजनाओं को समुदाय के साथ समन्वयता स्थापित करते हुए शिक्षा का समग्र वातावरण तैयार करने, एकलव्य नवोदय प्रयास राष्ट्रीय प्रतिभा प्रोत्साहन परीक्षा श्रेष्ठा आदि परीक्षाओं की विशेष तैयारी करवाने, विद्यालय की शैक्षणिक स्थिति मे आवश्यक सुधार करने बोर्ड परीक्षा की तैयारी, ब्लु प्रिंट पर कार्य करने आदि विन्दुओं पर प्रधान पाठकों सहित प्राचार्य से चर्चा करते हुए परिणाम तक पहुँचने पर समीक्षात्मक चर्चा की गयी द्यजिला नोडल अधिकारी छात्रवृति शैलेन्द्र कर्ण ने छात्रवृति संबंधित जानकारी देते हुए विद्यार्थियों की जाति आय निवास प्रमाणपत्र समयबद्ध समय में तैयार करने, बनवाने हेतु पालकों से सम्पर्क स्थापित कर समन्वयता बनाकर कार्य करने विषयक प्रधानपाठकों संकुल प्राचार्य से संवाद स्थापित किया। कर्ण ने कहा की चूँकि छात्रवृति छात्र हित से सीधी जुडी संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण योजना है इस कारण विभाग से उपस्थित विद्यालय प्रमुखों से इस पर तत्परता पूर्वक कार्य करने का अनुरोध करते हुए समीक्षा की। समीक्षा बैठक में विकासखंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार सिंह ने विकासखंड के समस्त शिक्षकों प्रधानपाठकों प्राचार्य से छात्र हित में उत्साहजनक वातावरण में कार्य करने की अपील करते हुए बोर्ड सहित अन्य प्रतियोगिता परीक्षाओं में उच्च सफलता हेतु ब्लु प्रिंट पर कार्य करने, मेंटर निर्धारण करना, जिला कार्यालय सहित छत्तीसगढ़ शासन स्कूली विभाग के निर्देशों का परिपालन समायावधी में बेहतरीन रूप से क्रियान्वयन पर बिंदुओं पर चर्चा की।



### गौरवपथ निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने व्यापारी संघ ने की मांग

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ नगर के मुख्य मार्ग पर लंबे समय से स्थगित पड़े गौरव पथ निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ किए जाने की मांग को लेकर व्यापारी संघ बिलाईगढ़ ने अनुविभागीय अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। संघ के अध्यक्ष प्रदीप देवांगन द्वारा हस्ताक्षरित इस ज्ञापन में नगर की दयनीय सड़क स्थिति और उसके कारण उत्पन्न जन जीवन की समस्याओं का विस्तारपूर्वक उल्लेख किया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि गौरव पथ निर्माण कार्य लगभग एक वर्ष पूर्व प्रारंभ किया गया था, किंतु अधूरा छोड़ दिए जाने के कारण सड़क की स्थिति अत्यंत जर्जर हो चुकी है। मार्ग के दोनों ओर गड्ढे और अवरोधक बने हुए हैं, जिससे आम नागरिकों, राहगीरों तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को निरंतर असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यह स्थिति न केवल यातायात व्यवस्था को बाधित कर रही है, बल्कि दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ा रही है। व्यापारी संघ ने यह भी इंगित किया है कि अधूरे कार्य के चलते स्थानीय व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जिससे आर्थिक गतिविधियां मंद पड़ी हैं। संघ ने संबंधित विभाग को 15 दिवस की समय सीमा प्रदान करते हुए चेतावनी दी है कि यदि इस अवधि में निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ नहीं किया गया, तो व्यापारी संघ आंदोलनात्मक रुख अपनाने के लिए बाध्य होगा। अध्यक्ष प्रदीप देवांगन ने प्रशासन से अपेक्षा व्यक्त की है कि गौरव पथ निर्माण को प्राथमिकता में लेकर शीघ्र गति प्रदान की जाए, जिससे नगर की सौंदर्यता, यातायात सुगमता एवं व्यावसायिक गतिविधियों को पुनः सामान्य किया जा सके।

## रजत जयंती पर स्वास्थ्य विभाग ने किया विकृति बचाव शिविर का आयोजन



**बिलाईगढ़।** राज्य शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ बनने के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती के अवसर पर कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला के मार्गदर्शन में विकृति बचाव की शिविर सारंगढ़ ब्लॉक के गोड़म, बिलाईगढ़ ब्लॉक के रायकोना और बरमकेला ब्लॉक के बोन्दा गांव में आयोजित किया गया। सीएमएचओ डॉ निराला ने जिले के सभी नागरिकों से अपील किया है कि कोई भी दाग धब्बा कुष्ठ हो सकता है। कृपया अपनी जांच कराकर सुनिश्चित करा लें।

विकृति बचाव की शिविर में कुल मिलाकर 98 कुष्ठ के रोगियों ने भाग लिया। इसमें 44 पुरुष और 54 महिला मरीजों ने भाग लिया। इसमें हाथ की विकृति वाले 26 और पैर की विकृति वाले 16 मरीज थे, बाकी के मरीज शंकाप्रद थे, जिनका सत्यापन किया गया। आज जांच के बाद 3 नए मरीज की पुष्टि हुई, जबकि एक मरीज को आरसीएस के लिए चिन्हांकित किया गया है तथा 19 मरीजों को सेल्फ केयर किट प्रदान किया गया जिनके पैर में घाव के साथ सुन्नपन था। इसी तरह 27 मरीजों को एक प्रकार की चप्पल जिसे एमसीआर चप्पल कहते है बांटा गया। इस चप्पल की विशेषता होती है शरीर के वजन का प्रेशर फैल जाता है, जबकि आम तौर पर पहनने वाले जूता चप्पल में शरीर का प्रेशर पैर के प्रेशर प्वाइंट में होता है, जहां घाव या अल्सर बनाने की शिकायत होती है। शिविर में तीनों विकासखंड से एक एक कुष्ठ चैंपियन का चयन किया गया। ये कुष्ठ मुक्त मरीज होते हैं। ये कुष्ठ के मरीजों की काउंसलिंग करने में सहयोग करेंगे। पारितोषिक रूप से इनको इनसेंटिव प्रोत्साहन राशि प्रदान किया जाएगा। इस कुष्ठ की विकृति बचाव अभियान के अंतर्गत विकृति वाले रोग मुक्त कुष्ठ के मरीजों में विकृति को बचाव के लिए प्रशिक्षण देना होता है कि किस प्रकार से विकृति को बचाने के लिए हाथ या पैर को चोट से कैसे बचाए। आग से कैसे बचाए तथा विकृति वाले मरीज को जल, तेल उपचार विधि करके विकृति को बचाने की उपाय का अभ्यास कराया गया। सभी मरीजों को सिखाया गया साथ में पैरों में सुन्नपन होने पैर न होए इसके लिए एमसीआर चप्पल बांटा, जिसे नियमित रूप से पहनने से पैरों की विकृति रोकने में मदद होती है।

### लाईवलीहुड कालेज में विभिन्न कोर्स में निःशुल्क गैर आवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत रायगढ़ जिले के लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित प्रशिक्षण में कस्टमर केयर सीनियर एक्जीक्यूटिव वॉइस एंड नॉन वॉइस 10वीं इलेक्ट्रिशियन 10वीं, इलेक्ट्रिशियन डोमेस्टिक सॉल्यूशन 8वीं एवं गेस्ट सर्विस एसोसिएट फूड एंड बेवरेज 12वीं कोर्स में निःशुल्क गैर आवासीय प्रशिक्षण हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुके है। प्रशिक्षण हेतु न्यूनतम आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षण उपरांत सफल प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। इच्छुक युवक.युवतियां लाईवलीहुड कॉलेज में समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने के दिए गए निर्देश

# बैठक में मातृ व शिशु स्वास्थ्य सेवाओं पर हुई समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जिले में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति और आगामी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे ने मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत एएनसी सेवाओं, संस्थागत प्रसव और मातृ मृत्यु दर की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच, पंजीयन और सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों को गंभीरता से कार्य करना होगा। मितानिनों के माध्यम से नियमित फॉलोअप और रेडी टू ईट फूड का वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत प्रसव को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर जागरूकता अभियान चलाए जाएं। इसके साथ ही मितानिनों और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के माध्यम से आम नागरिकों को सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी दी जाए।



#### टीकाकरण, एनसी रजिस्ट्रेशन और पोषण पर फोकस

इम्यूनाइजेशन कवरेज रिपोर्ट की समीक्षा करते हुए तमनार, धरमजयगढ़ और पुसौर ब्लॉकों में सुधार के निर्देश दिए गए। एनसी रजिस्ट्रेशन बढ़ाने और टीबी मरीजों को निश्चय निरामय योजना के तहत पोषण व जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया।

#### कुपोषण, मलेरिया और भर्ती प्रक्रियाओं पर भी चर्चा

कुपोषित बच्चों के त्वरित इलाज, गाइडलाइन के अनुसार दवा एवं पोषण उपलब्ध कराने, साथ ही हाइजीन बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में मच्छरदानी वितरण एवं प्रभावी रोकथाम के उपायों पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा एनएचएम के अंतर्गत लंबित भर्तियों एवं वेटिंग लिस्ट की शीघ्र प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.अनिल कुमार जगत, डीपीएम सुश्री रंजना पैकरा, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टीजी कुलवेदी, जिला एवं परिवार

